राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र हिमाचल प्रदेश द्वारा ई-टूल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश द्वारा 10 दिसंबर, 2024 को CollabFiles, eTaal और Gov.in सिक्योर इंट्रानेट वेब पोर्टल नामक ई-टूल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों लिए शिमला स्थित राज्य सचिवालय में एन.आई.सी. द्वारा विकसित इन ई-टूल्स के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन, श्री प्रबोध सक्सेना (भा.प्र.से.), मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इन तकनीकी समाधानों का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री प्रबोध सक्सेना, भा.प्र.से. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश का स्वागत करते हुए श्री अजय सिंह चैहल, उप-महानिदेशक-एवं-राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी

श्री प्रबोध सक्सेना, भा.प्र.से. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

सचिव, आयुष तथा डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस, श्रीमती राखील काहलों (भा.प्र.से.) इस कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। श्रीमती राखील काहलों (भा.प्र.से.) ने सभी प्रतिभागियों को इन ई-टूल्स को कार्यालय के दैनिक कार्यों में

उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। श्री आई.पी.एस. सेठी, उपमहानिदेशक-एवं-राज्य समन्वयक एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश द्वारा अपनी टीम सहित कार्यशाला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। सभी वक्ताओं ने सरकारी कार्यालय संचालन में सुधार लाने के उद्देश्य से इन प्रमुख डिजिटल टूल्स के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

श्रीमती राखील काहलों, भा.प्र.से. सचिव आयुष तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन द्वारा संबोधन

श्री आई.पी.एस. सेठी उप-महानिदेशक-एवं-राज्य समन्वयक, हिमाचल प्रदेश द्वारा संबोधन

कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों तथा एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र एवं जिलों के अधिकारियों सहित 135 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को CollabFiles,

eTaal और Gov.in सिक्योर इंट्रानेट वेब पोर्टल से परिचित करवाना था। इन डिजिटल टूल्स का लक्ष्य पारदर्शी एवं सुरक्षित संचार की सुविधा प्रदान करना, डेटा हैंडलिंग को बढ़ाना और सरकारी कार्यालयों के संचालन को सुव्यवस्थित करना है। कार्यशाला में डॉ. पी. गायत्री, प्रमुख CollabFiles तथा डॉ. ओ.पी. गुप्ता, निदेशक (आई.टी.) द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।

हिमाचल प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से कार्यशाला में आए प्रतिभागी

श्री. आई.पी.एस. सेठी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एन.आई.सी. द्वारा की जा रही विभिन्न आई.सी.टी. पहल के राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को भी साझा किया और हिमाचल प्रदेश में इन अनुप्रयोगों के कार्यान्वयन और वांछित उद्देश्यों को प्राप्त करने में एन.आई.सी. की ओर से सम्पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने एन.आई.सी. द्वारा विकसित एवं राज्य में कार्यान्वित प्रमुख आई.टी. पहलों पर भी प्रकाश डाला और उनकी सराहना की।

मुख्य सचिव दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए

कार्यशाला का शुभारंभ, गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के अभिनंदन से किया गया। श्री अजय सिंह चैहल, उपमहानिदेशक-एवं-राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश द्वारा मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तथा इन डिजिटल टूल्स के हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वयन के लिए उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

उप-महानिदेशक -एवं- राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश, श्री अजय सिंह चैहल द्वारा स्वागत भाषण

श्री भूपिंदर पाठक, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राज्य में इन पहलों के प्रयोग में एन.आई.सी. की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

श्री भूपिंदर पाठक, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी. हिमाचल प्रदेश द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव

डॉ. ओम प्रद्युम गुप्ता, निदेशक (आई.टी.) गोव.इन सिक्योर इंट्रानेट पर अपनी प्रस्तुति देते हुए

डॉ. पी. गायत्री, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) कोल्लैब फाइल पर अपनी प्रस्तुति देते हुए

हिमाचल प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से कार्यशाला में आए प्रतिभागी